**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## 'आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान' द्वारा 'नेत्रदानी परिवार सम्मेलन समारोह' आयोजित

## राज्यपाल ने नेत्रदान के क्षेत्र में कार्य करने वालों को किया सम्मानित

## नेत्रदान महादान, इसके लिए अधिकाधिक लोगों को प्रेरित किया जाए—राज्यपाल

जयपुर, 9 मार्च। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि नेत्रदान महादान है। इसके लिए अधिकाधिक लोगों को प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 1.25 करोड़ लोग दृष्टिहीन हैं। अंधता निवारण में नेत्रदान की संस्कृति विकसित करने में सभी सहयोग करें।

राज्यपाल श्री बागडे रविवार को 'आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान' द्वारा आयोजित 'नेत्रदानी परिवार सम्मेलन समारोह' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नेत्रदान से जुड़े परिवारों का अभिनंदन और स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया।

उन्होंने कहा कि मृत्यु से पूर्व नेत्रदान का संकल्प कर यदि व्यक्ति अपनी आँखें दान कर जाएँ तो देश के सभी नेत्रहीन लोगों को एक ही साल में आँखें मिल जाएंगी। उन्होंने कहा कि जो नेत्रदान करता है, वह साधु होता है। मनुष्य वही है जो मनुष्य के काम आए।

राज्यपाल श्री बागडे ने इससे पहले आई सोसायटी के वार्षिक प्रतिवेदन का भी लोकार्पण किया।

समारोह में 'आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान' के अध्यक्ष डॉ. बी.एल. शर्मा ने नेत्रदान जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों और सोसायटी की पहल से नेत्रदान क्षेत्र में की गई विशिष्ट उपलब्धियों से विस्तार से अवगत कराया। एसएमएस के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. दीपक माहेश्वरी ने नेत्रदान से जुड़ी चिकित्सकीय भ्रांतियों के बारे में जानकारी देते हुए इसके लिए आगे आकर पहल करने पर जोर दिया। श्री ललित कोठारी और विनय संचेती ने भी अपने विचार रखे।

-----






आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान
नेत्रदानी परिवार
सम्मान समारोह
9 March 2025






EYE BANK SOCIETY OF RAJASTHAN
आई बैंक
नेत्रदानी परिवार
सम्मान समारोह
9 March 2025


नेत्रदानी परिवार सम्मान